INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION

INVC

अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

आम आदमी के हित में कांग्रेस ने किए काम : सोनिया गांधी

By : INVC Team Published On : 30 Apr, 2009 12:38 PM IST

जाकिर हुसैन हिसार/ अंबाला (हरियाणा). यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज हरियाणा के हांसी और अंबाला में कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी जन सभाओं को संबोधित किया. इस भीषण गरमी में भी इन जन सभाओं में उमडे जन सैलाब को देखकर यह लगता है की इन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत लगभग तय लगती है. इस उमड़े जन सैलाब की वजह से विरोधी पार्टियों के हौंसले पस्त हो गए हैं. साथ ही कई बड़े नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी में आस्था जताते हुए कांग्रेस में शामिल हो गए, जिनमें भाजपा नेता और विधायक रामकुमार गौतम अपने सहयोगियों के साथ भी कांग्रेस में शामिल हो गए. गौरतलब है की ये भाजपा के साथ-साथ भाजपा के सहयोगी दलों के लिए एक बहुत बड़ा झटका है. सोनिया गांधी ने हिसार से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश के पक्ष में हांसी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसने दलित, पिछड़ों, गरीबों के लिए अनेक योजनाएं बनाई और उसका लाभ न केवल हरियाणा अपितु पूरे देश के लोग उठा रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस नेता एवं हरियाणा प्रभारी पृथ्वी राज चव्हान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद मुलाना, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, वित्त मंत्री बीरेन्द्र सिंह, हिसार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश, रोहतक से कांग्रेस प्रत्याशी दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, सावित्री जिन्दल मंच पर उपस्थित थीं। इस अवसर पर भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की तथा जयप्रकाश को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया। इससे पहले जैसे ही सोनिया गांधी हेलीकाप्टर से सभा स्थल पर पहुंची हजारों की भीड़ उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़ी और ताली बजाकर जोरदार स्वागत किया। मंच पर पहुंचकर सोनिया गांधी ने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर सोनिया गांधी कहा कि कांग्रेस सरकार ने न केवल हरियाणा अपितु पूरे देश में विकास कार्य जमकर करवाए। उन्होंने कहा कि विशेषकार महिलाओं, पिछड़ों व गरीबों के कल्याण की अनेक योजनाएं चलाई जिसका लाभ देश-प्रदेश के करोड़ों लोग उठा रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि आज कई लोग प्रधानमंत्री पद के लाइन में खड़े हैं, जबकि जनता जानती है कि विकास कार्य किसने करवाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने देश को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इस मौके पर सोनिया गांधी ने लोगों से अपील की कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश को भारी मतों से विजय बनाएं। साथ ही उन्होंने मंच पर मौजूद रोहतक से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेन्द्र हुड्डा को भी भारी मतों से जिताने की अपील की। जनसभा में हिसार लोकसभा क्षेत्र के हिसार, बुवानीखेड़ा, बरवाला, हांसी, उकलाना, नलवा, आदमपुर, उचाना आदि आस-पास के क्षेत्रों से काफी संख्या महिलाएं-पुरूष, युवा व बच्चे भी पहुंचे थे। सड़क के किनारे भी हजारों की संख्या में लोगों ने सोनिया गांधी व जयप्रकाश के भाषण को ध्यानपूर्वक सुना। जनसभा को स बोधित करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश ने हांसी पहुंचने पर सोनिया गांधी का स्वागत किया हलके के लोगों का भी भारी संख्या में पहुंचने पर धन्यवाद किया। उन्होंने लोगों के सामने करवाए गए विकास कार्यों और कांग्रेस की उपलब्धियों को बाखूबी रखा। इस चुनावी जनसभा में उमड़ी भीड़ को मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पृथ्वी राज चव्हान, कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद मुलाना तथा कुलदीप शर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश के अनेक मंत्री, विधायक व हिसार लोकसभा क्षेत्र से सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सोनिया गांधी ने इसके लिए हिसार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को बधाई दी। **उधर, अंबाला** में कुमारी शैलजा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का लक्ष्य सिर्फ प्रधानमंत्री की कुर्सी प्राप्त करना है। वह सत्ता प्राप्ति के लिये सिर्फ खोखले वायदे करते हैं. उन्होंने कहा कि हम अन्य राजनीतिक दलों की तरह नहीं हैं। हमारा लक्ष्य आपकी, गरीबों, दलितों, बहनों और बच्चों की सेवा करना है तथा सीमापार से आ रहे आतंकवाद का मुकाबला करना है। हम फिरकापरस्ती का एक होकर मुकाबला करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता आतंकवाद से लड़ने और एक मजबूत नेता की बात करते हैं, लेकिन उनके शासन में क्या हुआ! संसद तक आतंकवादी पहुंच गए। उनका गृहमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए दो खतरनाक आतंकवादी कंधार भेजे गए। दूसरी ओर श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे नेताओं ने देश की एकता के लिए प्राण दिए हैं। हम फिर भी आतंकवाद से लड़ने को तैयार हैं। इसके लिए हमें किसी के प्रमाण-पत्र की जरुरत नहीं है, हम अनेकता में एकता में विश्वास रखते हैं, सभी को साथ लेकर चलते हैं, जिन्हें अवसर नहीं मिला, उन्हें अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि देश को एक मजबूत, स्थायी, दूरदर्शी, अनुभवी और योग्य सरकार चाहिए और यह सभी योग्यताएं कांग्रेस में हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि वह लोकतंत्र की सबसे बड़ी संस्था संसद के चुनाव के लिए आई हैं, उन्होंने कहा कि चुनाव के समय तो सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी बात कहते हैं और वायदे दोहराते हैं और तर्क देते हैं, पर मैं इस आत्मविश्वास से समर्थन मांगने आई हूं कि हमने देश-विदेश में अपनी क्षमता से सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि चार वर्ष पहले, जब चुनाव हुए थे, तो हमने जो घोषणा पत्र जारी किया था और वायदे किये थे, चूंकि मैं सभी प्रदेश सरकारों से हिसाब मांगती हूं, अत : मुझे इस बात की खुशी है कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके साथियों ने जो वायदे किये, उससे भी यादा काम किया है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं रहा, जिसके लिए पिछले चार वर्षों में हरियाणा सरकार ने कोई काम न किया हो। उन्होंने कहा विकास और लोगों के हित की सभी योजनाएं लागू हुई हैं। भविष्य में भी हम इस गति को बनाए रखेंगे तथा

जनता की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार के शासन में देश दुखी हुआ तथा देश की अर्थ व्यवस्था बिगड़ी, पर उन्हें फिर भी भारत जगमगाता हुआ नजर आ रहा था। उस समय गरीबों और किसानों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वर्ष 2004 में हमें सरकार बनाने का मौका मिला, डा0 मनमोहन सिंह जैसे व्यक्ति को प्रधान मंत्री बनाया तथा कई ऐतिहासिक कदम उठाये। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (नरेगा) जैसी योजनाएं चलाई, किसानों के 65000 हज़ार करोड़ रुपये के ऋण माफ किये तथा कृषि उपज का मूल्य इतना बढ़ाया कि इतना पहले कभी नहीं बढ़ा था। भाजपा और इनेलो, जो हम पर आरोप लगाते हैं, उन्होंने कुछ नहीं किया। हमारी सरकार की 15 करोड़ स्कूली बच्चों को दोपहर का भोजन देना सबसे बड़ी योजना थी। हमारी सरकार ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाया तथा भारत निर्माण के माध्यम से शहरों का बुनियादी ढांचा मजबूत किया। हमारी सरकार ने असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिये भी कानून बनाया तथा उनके लिये पेंशन लागू की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सोनिया गांधी जहां भी जाती हैं, वहीं लाखों की भीड़ जमा हो जाती है, क्योंकि सारा देश सोनिया गांधी और उनकी नीतियों की प्रशंसा करने आता हैं। उन्होंने कहा कि चार वर्ष पहले जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी तो सोनिया गांधी बार-बार आकर हमाररा मार्ग दर्शन करती रहीं, परिणामस्वरुप हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनती रही, कोई भी ऐसा वर्ग नहीं बचा जिसके लिये कोई काम नहीं हुआ। गरीबी रेखा से नीचे रह रहे 1,87,000 परिवारों को हम 100-100 गज के प्लाट दे चुके हैं। अनुसूचित जाति के 8 लाख परिवारों में से 5 लाख को पानी का कनैक्शन, एक टूटी और एक-एक पानी की टैंकी मु त दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने यह कानून बना दिया है कि सरकारी बैंक का कर्जा न देने पर न तो किसी किसान को जेल में ठोका जाएगा और न ही उसकी जमीन नीलाम होगी। हमारी सरकार ने ही सबसे पहले छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू की तथा महिला उत्थान के लिए कार्य किए। उन्होंने कहा कि हमने सोनिया गांधी के मार्गदर्शन में ईमानदारी से कार्य किया, परिणाम स्वरुप आज हरियाणा देश में प्रथम स्थान पर आ गया है, इसमें हमें केन्द्र सरकार का बहुत सहयोग मिला है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फूलचंद मुलाना ने कहा है कि देश में विशेषकर हरियाणा में इस समय कांग्रेस की आंधी चल रही है। सोनिया गांधी के नेतृत्व में केन्द्र में जो विकास हुआ है, वह चुनाव में हमारी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने ऐसे काम किए हैं, जिससे प्रदेश का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं बचा, जिसका भला नहीं किया और कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जिसका बुरा किया हो। सबका भला किया है। उन्होंने कहा कि किसानों और गरीबों का जितना भला सोनिया गांधी ने किया है, उतना देश में किसी ने नहीं किया। कुमारी मायावती का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कुछ लोग बहनजी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, पर हमारी बहन जी ने दो बार प्रधान मंत्री पद ठुकराया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने चारों ओर विकास कार्य किए हैं और इसी कारण हम हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे। इस अवसर पर अंबाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेसी उम्मीदवार कुमारी शैलजा, पूर्व विधायक निर्मल सिंह, नवीन जिन्दल, कैलाशो सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव हनुमंत राय, वित्तमंत्री बीरेन्द्र सिंह, कांग्रेस की चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष विनोद शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कुमारी शैलजा ने इस अवसर पर सोनिया गांधी को चरखे का मॉडल भेंट किया तथा अन्य राजनीतिक दलों के अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/आम-आदमी-के-हित-में-कांग्रे/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.